तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 सितंबर 2026

12 प्रकृति के महापर्व करमा पर करम देव की पूजा,...



13 नम आंखों से दी गई बप्पा को विदाई



खबर संक्षेप



अवैध शराब की बिक्री करते कोचिया गिरफ्तार

गिधौरी। थाना गिधौरी की पुलिस टीम द्वारा टुण्डरा नगर पथरी सबरिया डेरा जाने वाले कच्ची मार्ग नहर किनारे में 23 सितंबर को घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले आरोपी विनोद उम्र 25 वर्ष निवासी टुण्डरा नगर पथरी सबरिया डेरा थाना गिधौरी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 7 हजार रुपए कीमत मूल्य का कुल 35 लीटर अवैध हांथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में धारा 34(2) आबकारी के तहत अपराध पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

मनरेगा भुगतान अटका, पंचायतों पर बढ़ा कर्ज का संकट



मुड़पार सरसीवां। ब्लॉक बिलाईगढ़ सहित अंचल के अधिकांश ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत कराए गए निर्माण कार्यों की सामग्री राशि कई महीनों से पंचायतों के खातों में नहीं पहुंचने की जानकारी मिली है। ग्रामीणों व सरपंचों ने बताया कि पंचायतों में सीसी रोड, नाली निर्माण, तालाब गहरीकरण व अन्य कार्य कराए गए हैं। मजदूरी का भुगतान तो श्रमिकों के खातों में हो गया है, लेकिन मटेरियल के लिए वेंडरों को किया गया भुगतान पी एफ एम एस पोर्टल पर लंबित है। जानकारी के अनुसार एफ टी ओ जनरेट होने के बाद भी राशि वेंडर के खाते में नहीं आ रही है, जिससे सामग्री सप्लायर पंचायतों पर उधारी के लिए दबाव बना रहे हैं। कई पंचायतों में लाखों रुपये का भुगतान अटका हुआ है। सरपंच संघ ने जिला प्रशासन से मांग की है कि लंबित एफ टी ओ को जल्द स्वीकृत कर भुगतान जारी किया जाए, ताकि ग्राम पंचायतों में विकास कार्य बाधित न हों। सरसीवां अंचल के सरपंचों ने बताया कि इन्होंने ग्राम पंचायत में चेक डेम निर्माण,नाली निर्माण कराए हैं जिसका शासन से राशि प्राप्त नहीं हुई ▸▸ शेष पेज 12 पर

गौरव पथ का 8 माह बाद भी निर्माण अधूरा, सीएम हेल्पलाइन में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़पार सरसींवा

नगर पंचायत सरसींवा के सराईपाली रोड़ में गौरव पथ का निर्माण लोक निर्माण द्वारा कराया जा रहा है वह बहुत धीमी गति से कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गौरव पथ निर्माण का उद्देश्य लोगों को मजबूत,समतल, सुगम मार्ग का निर्माण करना होता है परंतु लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे गौरव पथ निर्माण कार्य राहगीरों को परेशानी का सबब बन गया है और लेट लतीफी से बनने से लोगों ने नाराजगी जाहिर की है। स्थानीय नागरिकों ने धीमी गति से किए जा रहे गौरव पथ निर्माण कार्य की शिकायत मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के हेल्पलाईन 1076 में 22 सितंबर को इसकी की गई।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि सरसींवा नगर के सराईपाली रोड़ में यह निर्माण कार्य पिछले जनवरी 2026 से शुरू किया गया है जो आज 8 माह होने वाला है अभी तक पूर्ण नहीं कराया गया है इससे इस मार्ग में आवाजाही करने वालों को काफी दिक्कते हो रही है।

गौरव पथ निर्माण में देरी से लोग परेशान

लोग पिछले एक साल से गर्मियों में धूल से तो बारिश में कीचड़ से परेशान हो रहे हैं। गौरव पथ का निर्माण कार्य बीच बीच में बंद कर दिए जाने से समय पर कार्य पूर्ण नहीं हो रहा है।स्थानीय लोगों ने आगे कहा कि सराईपाली मार्ग में बनाए जा रहे गौरव पथ का जल्द से जल्द निर्माण पूरा किया जाए अन्यथा आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग सारंगढ़-बिलाईगढ़ की होगी। इस संदर्भ में लोक निर्माण विभाग के एस डी ओ पी एल बंजारे ने कहा कि दिसम्बर तक कार्य करने का समयावधि है मजबूत बनाने में समय लग ही जाता है।



विसर्जन : असामाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर, होगी सख्त कार्रवाई

गणेश विसर्जन को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, उपद्रवियों को दी कड़ी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

गणेश उत्सव विसर्जन को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बलौदाबाजार पुलिस ने गुरुवार शाम शहर में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में शाम 6 बजे निकाले गए फ्लैग मार्च का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा ने किया। इसमें एसडीओपी बलौदाबाजार उषा सोंधिया, डीएसपी यातायात मोनिका मरावी, रक्षित निरीक्षक सहित 50 से अधिक पुलिस अधिकारी व जवान शामिल रहे। फ्लैग मार्च रक्षित केंद्र से प्रारंभ होकर गार्डन चौक, नया बस स्टैंड सहित प्रमुख मार्गों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों से होते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने शहर की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस ने असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि विसर्जन कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या उपद्रव करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, गणेश उत्सव समितियों एवं श्रद्धालुओं से शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई।





यातायात के लिए विशेष व्यवस्था

डीएसपी यातायात मोनिका मरावी ने बताया कि विसर्जन झांकियों के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था के लिए विशेष रूट प्लान और पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। पुलिस ने नागरिकों से संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति की सूचना तत्काल डायल 112 अथवा नजदीकी पुलिस थाने में देने की अपील की है।

कसडोल में गणेश विसर्जन आज

कसडोल। मित्र मंडल जनसेवा समिति कसडोल द्वारा गणेश उत्सव के दसवें वर्ष के अवसर पर 25 सितंबर शुक्रवार को भव्य गणेश विसर्जन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी क्षेत्रवासियों की सहभागिता से गणेश प्रतिमा विसर्जन को विशेष रूप देने की तैयारी की गई है। समिति के सदस्यों के अनुसार गणेश विसर्जन कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। विसर्जन यात्रा दुर्गा चौक कसडोल से प्रारंभ होकर गायत्री चौक, बाजार चौक, बलार चौक होते हुए गतवा तालाब एवं बांधा तालाब तक पहुंचेगी। यात्रा में विभिन्न आकर्षक धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी। विसर्जन यात्रा के दौरान महाकाल धुमाल शिवरीनारायण, श्री डीजे कसडोल, महाकाल अघोरी झांकी वघेरा, मां कालिका झांकी दुर्ग, गोरेला बर्डर्स सहित अन्य दल अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा आतिशबाजी, महाआरती और भव्य विसर्जन कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।



कुत्ते ने सरपंच सहित भतीजे और बुजुर्ग महिला को काटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ संडी बंगला

ग्राम रेंगाडीह में पिछले दो-तीन दिनों से एक पागल कुत्ते के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। कुत्ता अब तक सरपंच, उनके भतीजे समेत कई लोगों को अपना शिकार बना चुका है। आसपास के जारा और छेरकाडीह गांव में भी कुत्ते के हमले से एक महिला और बच्ची के घायल होने की जानकारी सामने आई है। लगातार हो रहे हमलों को देखते हुए ग्रामीणों में भय का माहौल है।बुधवार सुबह करीब 6 बजे ग्राम पंचायत रेंगाडीह के सरपंच तीरथ रात्रे पर अचानक पागल कुत्ते ने हमला कर दिया। सरपंच किसी तरह कुत्ते से बचकर अपने घर पहुंचे। बताया गया कि इसके कुछ ही समय बाद उसी कुत्ते ने उनके भतीजे लोकनाथ रात्रे पर भी हमला कर दिया। कुत्ते के काटने से लोकनाथ की ठोढ़ी के पास गंभीर चोट आई, जिसके बाद उन्हें टांके लगाए गए। ▸▸ शेष पेज 12 पर



आत्मरक्षा के लिए डंडे लेकर निकल रहे ग्रामीण

कुत्ते के आतंक का असर गांव के आम जनजीवन पर भी दिखाई दे रहा है। ग्रामीण अब घर से बाहर निकलते समय आत्मरक्षा के लिए डंडा लेकर चल रहे हैं। बच्चों का गली-मोहल्लों में खेलना भी कम हो गया है। सरपंच द्वारा गांव में मुनादी कर लोगों को सतर्क रहने की सूचना दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले दो-तीन दिनों से कुत्ते को पकड़ने के प्रयास में जुटे हुए हैं, लेकिन वह लगातार लोगों से बचकर निकल जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक कुत्ते को पकड़ा नहीं जा सका था। ग्रामीणों ने संबंधित जिम्मेदारों से जल्द कार्रवाई कर कुत्ते को पकड़ने की मांग की है, ताकि आगे किसी अन्य व्यक्ति पर हमला न हो।

महानदी उफान पर...



पलारी। बीते कई दिनों से अंचल में बारिश हो रही है जिससे महानदी शबाब पर है। वहीं अमेठी एनीकट 2-3 फिट ऊपर से पानी बह रहा है। वहीं कुछ लोग गंतव्य की ओर जाने के लिए एनीकट पार करने का जोखिम उठा रहे हैं। गुरुवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ है जिसमें 2 युवक बाइक लेकर एनीकट पार कर रहे हैं। प्रशासन ने अपील की है कि एनीकट से ऊपर पानी बह रही है तो पार करने का जोखिम न उठाए।

पंचायत रजिस्टर से छेड़छाड़ मामले में एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तिल्दा-नेवरा

ग्राम अल्दा और देवरी के ग्रामीणों ने गुरुवार को पंचायत रजिस्टर में कथित छेड़छाड़ और पन्ने फाड़ने के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। तेज बारिश के बावजूद ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी और प्रमोद वर्मा के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। ग्रामीणों का आरोप है कि अल्दा और देवरी गांव में प्रस्तावित संयंत्रों के विरोध के बावजूद पंचायत स्तर पर उनकी सहमति के बिना एनओसी जारी की गई। अल्दा में करीब सवा साल पहले हुई जनसुनवाई में ग्रामीणों ने संयंत्र का विरोध किया था। ▸▸ शेष पेज 12 पर

ग्रामीणों ने घेरा एसडीएम कार्यालय



3 महीने बाद देवरी मामले में दर्ज हुई एफआईआर

ग्रामीणों के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में तिल्दा थाने के घेराव के दौरान पुलिस ने अल्दा मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी और देवरी मामले में भी कुछ दिनों के भीतर रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन दिया था। ग्रामीणों का दावा है कि करीब तीन महीने बीतने के बाद भी देवरी मामले में कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार को ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद नए एसडीएम के निर्देश पर पंचायत रजिस्टर के दो पन्ने फाड़ने के आरोप में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने अल्दा मामले में 10 दिनों के भीतर, गांधी जयंती से पहले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

पुलिस-स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्यशाला

सड़क हादसों में घायलों को मिलेगा 1.50 लाख तक कैशलेस इलाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को 'गोल्डन आवर' में त्वरित उपचार उपलब्ध कराने और आर्थिक बाधाओं के कारण इलाज में देरी रोकने के उद्देश्य से पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्यशाला आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देश पर 18, 22 एवं 23 सितंबर को बलौदाबाजार, कसडोल, सिमगा एवं भाटापारा में अनुविभाग स्तरीय कार्यशालाएं आयोजित की गईं। कार्यशाला में उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय कुमार साहू एवं



जिला डीआरएम मनोज मांडले ने चिकित्सकों, पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को योजना की प्रक्रिया और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। बताया गया कि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पीएम राहत योजना के तहत 1.50 लाख रुपए तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जा सकता है। यह सुविधा जिले के पंजीकृत शासकीय एवं निजी अस्पतालों में लागू है।

कार्यशाला में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के विवेचक, सीसीटीएनएस आरक्षक तथा शासकीय एवं निजी अस्पतालों के टीएमएस ऑपरेटर शामिल हुए। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना के बाद शुरुआती एक घंटा घायल के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान वित्तीय या प्रशासनिक बाधाओं के बिना उपचार उपलब्ध कराना योजना का प्रमुख उद्देश्य है। पुलिस के अनुसार पीएम राहत योजना के तहत अब तक जिले में 144 घायलों को कैशलेस इलाज का लाभ मिल चुका है। योजना का लाभ शत-प्रतिशत पात्र पीड़ितों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस एवं जिला प्रशासन ने नागरिकों से सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने की अपील की है।

ऑपरेटरों को पोर्टल की प्रक्रिया समझाई

डीआरएम मनोज मांडले ने थाना प्रभारियों, विवेचकों, सीसीटीएनएस आरक्षकों एवं अस्पतालों के टीएमएस ऑपरेटरों को पोर्टल की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। दुर्घटना के तत्काल बाद पोर्टल पर सही जानकारी दर्ज करने तथा अस्पताल से उपचार के लिए प्राप्त ऑनलाइन रिक्वेस्ट का थाना स्तर पर तत्काल सत्यापन कर डिजिटल अप्रूवल देने की प्रक्रिया समझाई गई। पुलिस एवं अस्पताल प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कागजी प्रक्रिया में होने वाली देरी को कम करने पर भी जोर दिया गया।

BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाईन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 25/09/2026, शुक्रवार
टीप- कृपया अभ्यर्थी B.Ed. काउंसलिंग में 25 अन्य कॉलेजों का विकल्प चयन करें।
अन्य कोर्सेस - BA, BCOM, BCA, BBA, DCA, BSC (Maths & Biology), PGDCA
गोकुल नगर पुलगॉव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
मो. - 9098849923, 9340311314, 9303893829, 9300850065
Sai
समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

सुभाष बाजार में बनेगा नया कॉम्प्लेक्स, साईं कॉलोनी में दूर होगा जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

भाटापारा में 199.10 लाख के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

नगर में व्यापारिक अधोसंरचना को मजबूती देने और वार्डों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने की दिशा में गुरुवार को 199.10 लाख की लागत से बनने वाले सुभाष बाजार कॉम्प्लेक्स तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित साईं कॉलोनी में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा तथा नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। 199.10 लाख की लागत से बनने वाला सुभाष बाजार कॉम्प्लेक्स की व्यापारिक अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य है। कॉम्प्लेक्स के निर्माण से व्यापारियों के लिए अधिक सुव्यवस्थित व्यवस्था विकसित होगी तथा क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को बेहतर आधार मिलेगा। श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड की साईं कॉलोनी में नाली निर्माण से लंबे समय से आवश्यक जल निकासी व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। नाली निर्माण से बारिश एवं घरेलू पानी की निकासी अधिक व्यवस्थित होने के साथ क्षेत्र में जलभराव की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी। पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा के विकास को गति देने के लिए आवश्यकतानुसार लगातार नए कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। सुभाष बाजार कॉम्प्लेक्स जैसे कार्य शहर की व्यापारिक व्यवस्था को मजबूत करने के साथ स्थानीय व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



व्यापारिक व्यवस्था को मिलेगा नया आधार

उन्होंने कहा कि वार्डों में नाली, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्य सीधे तौर पर आम नागरिकों के जीवन से जुड़े हैं। भाटापारा के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार विकास कार्यों का यह क्रम आगे भी निरंतर जारी रहेगा। नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की आवश्यकता और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सुभाष बाजार कॉम्प्लेक्स शहर की व्यापारिक अधोसंरचना को मजबूत करेगा, वहीं साईं कॉलोनी में नाली निर्माण से जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। नगर पालिका का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि ऐसे स्थायी और उपयोगी विकास कार्यों को प्राथमिकता देना है, जिनका सीधा लाभ नागरिकों को मिले। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा विकास कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और जनउपयोगिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि शहर में होने वाला प्रत्येक निर्माण नागरिकों के लिए दीर्घकालिक सुविधा का आधार बने।

खबर संक्षेप

पंजीकृत श्रमिकों का ई-केवाईसी जरुरी

बलौदाबाजार। श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत श्रमिको को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ दिलाने के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जा रही हैं। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 40 हजार से अधिक पंजीकृत श्रमिकों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण नही होने के कारण उनका पोर्टल पर सत्यापन एवं जानकारी अपडेट नहीं हो पा रही हैं। ऐसे श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभाग द्वारा सभी विकासखंडो में पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहें हैं। इन शिविरों में वीएलई के माध्यम से ई-केवाईसी एवं आवश्यक संशोधन संबंधि आवेदनों की प्रक्रिया पूरी की जा रही हैं। श्रमिक अपने नजदीकी शिविर में पहुॅचकर ई-केवाईसी से संबंधित प्रक्रिया पूर्ण करा सकते है। श्रम विभाग का उद्देश्य जिले के सभी पात्र पंजीकृत श्रमिकों की ई-केवाईसी शत-प्रतिशत पूर्ण कराना हैं, ताकि तकनीकी या दस्तावेजी जानकारी अपडेट नहीं होने के कारण कोई भी पात्र श्रमिक अथवा उसका परिवार विभागीय कल्याणकारी योजनाओ के लाभ से वंचित न रहे। सहायक श्रमायुक्त सूरज कुमार ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र श्रमिकों एवं उनके परिवारों को सहायता प्रदान की जाती हैं। डिजिटल व्यवस्था के तहत श्रमिकों की जानकारी को अद्यतन एवं सत्यापित रखने के लिए ई-केवाईसी आवश्यक हैं। ई-केवाईसी पूर्ण होने से पात्र श्रमिकों को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया सुगम होगी और योजनाओं की जानकारी पोर्टल पर सही तरीके से अपडेट हो सकेगी।

11 किमी का सफर कर दुर्गम लोहागांव तक पहुंची स्वास्थ्य टीम

रायपुर। बैलाडीला की पहाड़ियों और घने जंगलों के बीच बसे लोहागांव में जब स्वास्थ्य टीम पहुंची तो ग्रामीणों के लिए गांव में ही समग्र स्वास्थ्य जांच की सुविधा पहली बार पहुंची थी। स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचना जहां आसान नहीं, वहां स्वास्थ्य विभाग की टीम करीब 11 किलोमीटर पैदल चलकर गांव पहुंची और 62 ग्रामीणों की जांच की। जांच के दौरान एक गर्भवती महिला समेत 4 गंभीर मरीजों की पहचान हुई, जिन्हें तत्काल उच्च स्वास्थ्य संस्था में उपचार के लिए रेफर किया गया। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत पहुंची टीम ने गांव में बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य जांच की।

कंवर समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया करमा त्योहार

प्रकृति के महापर्व करमा पर करम देव की पूजा, रातभर थिरके युवक-युवतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

भादो एकादशी के पावन अवसर पर प्रकृति के महापर्व करमडार (करमा) तिहार का आयोजन आदिवासी कंवर समाज यूथ क्लब लवनराज के नेतृत्व में कसडोल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेमरी के नारायणपुर धाम में हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। महानदी के पावन तट पर आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के युवक-युवतियों सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत करमडार अर्थात करम वृक्ष की डाली को विधि-विधान एवं सेवा-अर्जी के साथ पारंपरिक वाद्य यंत्रों और लोकगीतों के बीच लाकर की गई। करम डाली की स्थापना के बाद समाजजनों ने प्रकृति के आराध्य करम देव की पारंपरिक रीति से पूजा-अर्चना एवं आरती की। इस दौरान पूरा नारायणपुर धाम करमा गीतों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन से गूंज उठा।





पारंपरिक वेशभूषा में थिरके युवा

करमा तिहार के अवसर पर कंवर समाज के युवक-युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर करमा गीत और करमा नृत्य प्रस्तुत किया। देर रात तक चले सांस्कृतिक आयोजन में महिला एवं पुरुषों ने सामूहिक रूप से नृत्य करते हुए प्रकृति, समाज, प्रेम और करम देवता की महिमा का गुणगान किया। रातभर जागरण के दौरान युवाओं ने अपनी लोक संस्कृति और परंपराओं की जीवंत प्रस्तुति देकर सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया। समाजजनों ने बताया कि करमा तिहार आदिवासी समाज का प्रमुख प्रकृति पर्व है। यह पर्व भाई-बहन के बीच अटूट प्रेम, उनके दीर्घायु जीवन तथा परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना के साथ मनाया जाता है। इसके साथ ही अच्छी फसल और प्रकृति की अनुकूलता के लिए करम देव से प्रार्थना की जाती है। पर्व के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी पारंपरिक संस्कृति, लोकगीत, लोकनृत्य और सामाजिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास भी किया जाता है।

समाज के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव शिव कुमार कंवर, केंद्रीय महासभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद पैकरा, केंद्रीय महासचिव हुकुम सिंह पैकरा, जनपद सभापति मोरध्वज पैकरा, प्रदेश सचिव श्रीराम मरकाम, केंद्रीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार पैकरा, केंद्रीय संयोजक मोतीलाल पैकरा, जिला उपाध्यक्ष चंद्रभानु पैकरा, कार्यकारिणी सदस्य कमल नारायण पैकरा, जिला अध्यक्ष खेदु सिंह कंवर, कर्मचारी अध्यक्ष एवं प्रधान पाठक जयलाल पैकरा, कृषि अधिकारी धनेश्वर साय, महिला प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तरा पैकरा, सरपंच लक्ष्मी पैकरा, महिला सचिव अनीता पैकरा, युवा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं सरपंच दुलार सिंह पैकरा, शिक्षक राजेंद्र सिंह पैकरा, सरपंच प्रतिनिधि सुनील कुमार पैकरा, शिक्षक गौकरण पैकरा, बृज दीवान, लग्नू पैकरा, मनोज पैकरा एवं नारद पैकरा, डॉ. राधेश्याम पैकरा, प्राचार्य परमानंद पैकरा सहित समाज के महिला-पुरुष कर्मचारी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कंवर यूथ क्लब की ओर से ऐश्वर्या, कुलदीप, अरुण, शकुंतला और यशवंत सहित युवाओं ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन पद्मभूषण सिंह पैकरा ने किया। वहीं दुलार सिंह पैकरा ने सभी अतिथियों, समाजजनों एवं आयोजन में सहयोग करने वाले सदस्यों के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

पुस्तक का विमोचन, सीएम साय ने की सराहना



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा प्रकाशित 'प्रगति पथ' एवं 'संस्कारदीप' पुस्तकों का विमोचन आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत के अध्यक्ष राम भरोसा सोनी, कोषाध्यक्ष कमल अग्रवाल, प्रांत प्रमुख दीपक सोनी, संपादक रमाशंकर साहू, सह संपादक चंद्रकुमार डडसेना, परीक्षा प्रमुख अशोक देवांगन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री साय ने पुस्तकों का अवलोकन करते हुए शिक्षा के साथ संस्कार, संस्कृति और जीवन-मूल्यों के महत्व को रेखांकित किया।

'प्रगति पथ' में शिक्षा, संगठन एवं गतिविधियों से संबंधित कार्यों और उपलब्धियों को संकलित किया गया है, वहीं 'संस्कारदीप' में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कथा-कहानी, गीत, भजन, प्रेरक प्रसंग, खेल, सामान्य ज्ञान एवं नैतिक शिक्षा जैसी उपयोगी सामग्री का समावेश किया गया है। सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़, विद्या भारती से संबद्ध विद्यालयों के शैक्षिक मार्गदर्शन का कार्य करता है। मुख्यमंत्री साय भी शिक्षा के साथ संस्कार एवं जीवन-मूल्यों के महत्व पर सार्वजनिक रूप से जोर देते रहे हैं। पुस्तकों का मुख्यमंत्री के हाथों विमोचन सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के लिए एक महत्वपूर्ण एवं स्मरणीय अवसर रहा।

चावल जमा कराएं मिलर्स : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

एफसीआई एवं नान मे चावल जमा करने में जिन मिलर्स के द्वारा रूचि नहीं ली जा रही है उन्हें अब तय समय पर चावल जमा करना होगा। लापरवाही या कोताही बरतने पर सम्बधित मिलर्स को ब्लैक लिस्टेड भी किया जा सकता है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में खाद्य विभाग के अधिकारियों एवं मिलर्स की बैठक लेकर चावल जमा करने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अब तक जिले के 29 मिलर्स के द्वारा लगभग 17413 मेट्रिक टन चावल नान एवं एफसीआई में जमा करना शेष है। उन्होंने सभी मिलर्स से चावल जमा करने मे हो रही देरी के सम्बन्ध में जानकारी ली औऱ स्पष्ट निर्देश दिये कि अब औऱ देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी मिकर्स आगामी अक्टूबर माह तक शत प्रतिशत चावल जमा करें। किसी मिलर्स द्वारा कोताही बरतने पर जांच औऱ ब्लैक लिस्टेड की कार्यवाही होगी। कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया कि प्रत्येक मिलर्स के द्वारा शेष चावल की मात्रा के अनुसार प्रतिदिन एवं प्रति सप्ताह चावल जमा करने का लक्ष्य निर्धारित करें औऱ इसकी सख्त मॉनिटरिंग करें। चावल जमा करने मे मिलर्स वाहन की संख्या उसी अनुपात में व्यवस्था कराएं। बैठक में खाद्य अधिकारी पुनित वर्मा सहित डीएमओ एवं खाद्य विभाग के अन्य अधिकारी औऱ मिलर्स उपस्थित थे।



जुर्माना,बिना लाइसेंस चल रही दुकान सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

आम जनता के स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा के दिशा-निर्देशानुसार जिलेभर में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। इसके तहत अमानक पाए जाने पर तीन प्रमुख खाद्य पदार्थों के विशिष्ट बैच के विक्रय एवं वितरण को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्रयोगशाला जांच में खाद्य पदार्थों के नमूने असुरक्षित पाए जाने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 36(3) (ख) के तहत यह प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। विबा एगलेस मायोनिस बैच क्रमांक के 182 में एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक पाए जाने के कारण इसे असुरक्षित घोषित किया गया है। सांवरिया पोहा बैच क्रमांक 2 में सूक्ष्म काले कण, धूल-मिट्टी और जीवित कीड़े पाए जाने के कारण इसे प्रतिबंधित किया गया है। जैन चुस्की चाय बैच क्रमांक CH 653 में कीटनाशक अवशेष की मात्रा अनुमत सीमा से 18 गुना अधिक पाए जाने के कारण असुरक्षित घोषित किया गया है।

दुकान को तत्काल बंद कराया गया

इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने और मानकों की अनदेखी करने पर रुद्रा पानी पाउच फैक्ट्री पर कुल 70000 रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा विकासखंड-कसडोल के ग्राम छतवन स्थित 'साहू किराना' दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर अवसान तिथि पश्चात वाले खाद्य पदार्थ पाए जाने और बिना वैध लाइसेंस, पंजीकरण के व्यवसाय संचालित करने पर दुकान को तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया तथा धारा 55 के तहत नोटिस जारी किया गया है। जिले के सभी संबंधित खाद्य कारोबारियों, थोक विक्रेताओं और खुदरा व्यापारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रभावित बैच के खाद्य पदार्थों का विक्रय व वितरण तुरंत बंद करें तथा फूड रिकॉल रेगुलेशन, 2017 के तहत बाजार से स्टॉक वापस (रिकॉल) लेने में पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

एक्सीडेंट में महिला सुपरवाइजर घायल

महासमुंद। ग्राम मुनगासेर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ महिला सुपरवाइजर अज्ञात बाइक की टक्कर से घायल हो गई। घटना 31 अगस्त की है। जिसकी रिपोर्ट घायल महिला के पति ने 24 सितंबर को बागबाहरा थाने में दर्ज कराई है। महिला सुपरवाइजर तरूलता बराई पति स्वरजीत बराई 31 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा में पत्र देकर अपने कार्य क्षेत्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुनगासेर जा रही थी, इसी दौरान समय सुबह करीब 10.30 से 11 बजे के बीच ग्राम भदरसी के पास किसी अज्ञात मोटर सायकल चालक ने स्कूटी को टक्कर मार दिया।

पेज 11 के शेष

कुत्ते ने सरपंच...

एक दिन पहले भी बुजुर्ग महिला पर किया था हमला, ग्रामीणों के अनुसार इससे एक दिन पहले एक बुजुर्ग महिला पर भी इसी कुत्ते ने हमला किया था। हमले में घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें बलौदाबाजार रेफर किया गया।

जारा और छेरकाडीह में भी पहुंचा आतंक: बताया जा रहा है कि पागल कुत्ते का आतंक केवल रेंगाडीह तक सीमित नहीं है। जारा गांव की एक महिला के घायल होने की भी जानकारी सामने आई है। वहीं जारा से लगे छेरकाडीह में एक बच्ची पर भी कुत्ते ने हमला कर उसे घायल कर दिया। लगातार अलग-अलग स्थानों पर हो रहे हमलों से आसपास के ग्रामीणों में भी चिंता बढ़ गई है।

मनरेगा भुगतान अटका...

है जिससे वे काफी परेशान हैं। समीपस्थ ग्राम पंचायत टाटा का 25 लाख रु, चोरभट्ठी का 15 लाख रु, ग्राम पंचायत बमनपुरी का 25 लाख रु. और आसपास के अधिकांश ग्राम पंचायतों के करोड़ो रु अटके हुए हैं। जिससे ग्राम विकास बाधित हो गया है। इस संदर्भ में जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेश्वरी बर्मन के मोबाइल से संपर्क किया तो उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

पंचायत रजिस्टर से छेड़छाड़ ...

ग्रामीणों का आरोप है कि बाद में पंचायत रजिस्टर में कथित तौर पर कूटरचना कर एनओसी जारी कर दी गई। मामले को लेकर ग्रामीणों ने पहले भी कई बार आंदोलन किया था। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस से शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह देवरी में भी ग्रामीणों के मुताबिक संयंत्र के विरोध में हस्ताक्षर किए गए पंचायत रजिस्टर के दो पन्ने गायब हैं। ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

कार्रवाई न होने पर चक्काजाम की चेतावनी: प्रदर्शन समाप्त करते हुए ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि मामले में अब भी कार्रवाई में देरी हुई तो दोनों गांवों के ग्रामीण चक्काजाम करेंगे। कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि पंचायत रजिस्टर में कूटरचना के मामले में कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि देवरी मामले में भी रजिस्टर के दो पन्ने गायब होने के बावजूद पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

में प्रमोद वर्मा, तुकाराम चंद्रवंशी, कृष्ण कुमार वर्मा, तेजराम वर्मा, कांग्रेस शहर अध्यक्ष अजितेश शर्मा, कृष्णमूर्ति ठाकुर, नानकराम छाबड़िया सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष ग्रामीण शामिल हुए शैलेश नितिन त्रिवेदी जमीन पर बैठकर रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम के भजन गाते रहे।

1,556 लोगों में मिला दृष्टिदोष, मोतियाबिंद के मरीज किए गए रेफर

2,785 ग्रामीणों की हुई आंखों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

तिल्दा के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन के प्रोजेक्ट विजन केयर ने उल्लेखनीय पहल की है।

अदाणी पावर लिमिटेड, रायपुर के सहयोग से चलाए गए इस अभियान के तहत 16 गांवों में 27 नेत्र जांच शिविर आयोजित किए गए। करीब एक महीने चले अभियान में 2,785 ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई। इनमें 1,760 पुरुष और 1,025 महिलाएं शामिल रहीं। अभियान के दौरान 1,556 लोगों में दृष्टिदोष पाया गया। इनमें 1,546 लोगों को चश्मे की आवश्यकता थी। अदाणी फाउंडेशन की ओर से 922 लाभार्थियों को मौके पर ही निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए, जबकि शेष लाभार्थियों के चश्मे तैयार होने के बाद उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विशेषज्ञों की जांच में 171 लोगों में मोतियाबिंद तथा 962 लोगों में आंखों से संबंधित अन्य बीमारियां सामने आईं। कुल 1,133 मरीजों को आगे के उपचार एवं विशेषज्ञ परामर्श के लिए रेफर किया गया, ताकि उन्हें समय पर आवश्यक चिकित्सा सुविधा मिल सके। अभियान के तहत मुरा, रायखेड़ा, भाटापारा, गैतरा, खपरी, चिचोली, गौरखेड़ा, ताराशिव, छटोद, कोनारी, सोनतरा, खमरिया, मोहरेंगा, बरतोरी, तुलसी और बहिसर सहित 16 गांवों में शिविर लगाए गए।



ग्रामीणों ने जताया आभार

शिविरों का लाभ लेने वाले ग्रामीणों ने अदाणी फाउंडेशन और अभियान से जुड़े स्वास्थ्यकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि आंखों की जांच और उपचार जैसी सुविधा गांव के नजदीक मिलने से उन्हें शहर के अस्पतालों तक जाने की परेशानी और अतिरिक्त खर्च से राहत मिली। खासकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह पहल काफी उपयोगी साबित हुई। ग्रामीणों ने कहा कि समय पर आंखों की जांच होने से कई लोगों को अपनी समस्या का पता चला और उन्हें आगे के उपचार की दिशा भी मिली। उन्होंने अदाणी फाउंडेशन से भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर लगातार आयोजित करने की अपेक्षा जताई। अदाणी फाउंडेशन की ओर से शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में विभिन्न जनहितकारी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। विजन केयर अभियान भी इसी सामाजिक सरोकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों तक नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास किया गया।

खबर संक्षेप

भद्रापाली की संतोषी वर्मा अगरबत्ती निर्माण व खेती से बन रहीं आत्मनिर्भर

बलौदाबाजार। महिला सशक्तिकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में बिहान योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रही है। जिले के ग्राम भद्रापाली की संतोषी वर्मा भी महिला शक्ति स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने हुनर को रोजगार का माध्यम बना रही हैं। संतोषी वर्मा ने बताया कि बिहान



योजना से जुड़ने के बाद उन्होंने अगरबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के उपरांत वे घर पर ही अगरबत्ती बनाने का कार्य कर रही हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी बाड़ी में हल्दी और जिमीकंद की खेती भी शुरू की है। तैयार उपज को बाजार में बेचकर उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है। संतोषी वर्मा का कहना है कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद उन्हें घर से ही काम करने और अपनी आय बढ़ाने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी हम महिलाओं को बिहान से जोड़कर आगे बढ़ने का अवसर दे रहे हैं। इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करती हूं।" बिहान योजना के माध्यम से स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं प्रशिक्षण, स्वरोजगार और आजीविका गतिविधियों के जरिए आर्थिक रूप से सशक्त बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से मिली नई जिंदगी



रायपुर। सीने में दर्द से शुरू हुई परेशानी जांच के बाद हार्ट की गंभीर बीमारी में बदल गई। डॉक्टरों ने पेसमेकर लगाने की जरूरत बताई तो इलाज के बड़े खर्च की चिंता सामने थी। ऐसे समय में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना मुकेश शर्मा के लिए उपचार का सहारा बनी। रायगढ़ के खरसिया विकासखंड के ग्राम महुंआपाली निवासी मुकेश के पेसमेकर प्रत्यारोपण के लिए शासन से 8 लाख 91 हजार 778 रुपए की सहायता स्वीकृत हुई, जिसके बाद रायपुर एम्स में उनका सफल ऑपरेशन किया गया। मुकेश को सीने में दर्द की शिकायत होने पर परिजन उन्हें रायपुर लेकर पहुंचे थे। चिकित्सकीय जांच में हार्ट की समस्या सामने आने के बाद उनका उपचार रायपुर एम्स में शुरू हुआ। इसी दौरान जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की आयुष्मान शाखा से उन्हें मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की जानकारी मिली। योजना के तहत आवेदन करने के बाद पेसमेकर लगाने के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत की गई। सहायता मिलने के बाद मुकेश का सफल ऑपरेशन कर पेसमेकर लगाया गया। उपचार के बाद उनकी स्थिति में सुधार हुआ और चिकित्सकीय निगरानी के बाद अब वे स्वस्थ हैं।

न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट निपनिया (छत्तीसगढ़)
रा.प्र.क्र. ..... ब/121 वर्ष 2026-27
ग्राम- खपरी-आर तह. भाटापारा

।। ईश्तहार ।।

एतद द्वारा सर्व साधारण को ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक देवकुमार ध्रुव पिता छेदूराम ध्रुव जाति गोंड निवासी ग्राम खपरी-आर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा अपने **बहन दुरपति ध्रुव पति बैतल ध्रुव (माता पांचो बाई पिता छेदूराम) की मृत्यु दिनांक 01/01/1970 को (स्थान) ग्राम खपरी-आर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)** में हुआ है, जिसके पंजीयन हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं ग्राम वार्ड पार्षद का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक **30.09.2026** को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख **30.09.2026** तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक **09.09.2026** को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
निपनिया (छत्तीसगढ़)

पर्व : गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के लगे जयकारे

नम आंखों से दी गई बप्पा को विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

अंचल में एकादशी पर्व के बाद हवन पूजन विधि विधान के बाद गणेश भगवान प्रतिमाओं का विसर्जन का शिलशीला शुरु हो गया हैं। सूतियापारा मोहल्ला के तालाब का गणेश भगवान का बडे. धूमधाम से आंखों से नम किया गया है। देर रात गणेश भगवान का प्रतिमाएं विसर्जित किया गया है । गांव के महिलाओं अंतिम दर्शन करने के साथ आरती सजाकर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि का कामना किया गया। युवाओं ने डीजे के धुन में थिरकते हुए शोभायात्रा निकाला गया था। गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी का जयकारे लगाते हुए भक्तगण गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ हैं। भगवान लंबोदर का दर्शन करने के लिए जनसैलाब उमड़ा था।

निर्णायक समिति ने किया गणेश पंडालों का निरीक्षण

खरोरा। युवा विचार संस्थान द्वारा आयोजित श्री गणेश झांकी उत्सव 2026 के अंतर्गत गठित निर्णायक समिति ने नगर के विभिन्न गणेशोत्सव पंडालों का निरीक्षण किया। समिति के सदस्यों ने अलग-अलग पंडालों में पहुंचकर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा, झांकियों की सजावट, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था सहित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान निर्णायक समिति ने गणेशोत्सव समितियों द्वारा की गई तैयारियों का जायजा लिया। पंडालों में श्रद्धालुओं की सुविधा, आकर्षक सजावट तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण को भी देखा गया। इस अवसर पर युवा विचार संस्थान के संरक्षक, पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। संस्थान की ओर से गणेशोत्सव समितियों द्वारा उत्सव के लिए की गई उत्कृष्ट तैयारियों एवं दिए गए सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया।



गणेश उत्सव समिति पांडे पारा ने किया महाभंडारे का आयोजन



बलौदाबाजार। गणेश उत्सव समिति पांडे पारा के तत्वावधान में नगर के युवाओं द्वारा भव्य महाभंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पार्षद कन्हैया सेन, नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान सहित गणेश उत्सव समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान ने कहा कि बलौदाबाजार की पहचान आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द से है। धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और इनमें युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। गणेश उत्सव समिति के युवाओं द्वारा आयोजित महाभंडारा सामाजिक एकता और सद्भाव का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों एवं समाजों के पर्वों में एक-दूसरे की खुशियों में शामिल होकर प्रेम और भाईचारे की परंपरा को मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने आयोजन के लिए समिति के सदस्यों एवं युवाओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छोटू पांडे, किशन पांडे,विजय पांडे, संजू पांडे, गणेश नामदेव, राज साहू, गोलू पांडे, शुभम पांडे, सुमित पांडे, ललित पांडे, दिनेश पांडे, गोविंद पांडे, ओमकार पांडे, मनीष पांडे, उमाशंकर पांडे, कालू पांडे, विष्णु पांडे, अनूप पांडे, मोटू पांडे, तेजस्वी पांडे, अमर पांडे, कृष्णा पांडे, तिलक पांडे, निहाल, चंदन, शुभम, प्रवीण, रमन एवं

पूर्व विधायक ने गणेश पंडालों में की पूजा



सिमगा। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने सिमगा में स्थापित प्रमुख गणेश पंडालों में जा कर भगवान का दर्शन किय। इस दौरान उन्होंने पुराना बस स्टैंड स्थित शंकर राजा गणेश उत्सव समिति सदर मार्ग स्थित आर्यन्स राजा गणेश उत्सव समिति सहित विभिन्न वार्डों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं के समक्ष श्री फल पुष्प अर्पित किए और आरती में शामिल हुए। पंडाल समितियों के पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। पूर्व विधायक शर्मा ने कहा कि गणेशोत्सव हमारी संस्कृति और एकता का प्रतीक है। भगवान विघ्नहर्ता सभी के जीवन से विघ्न दूर कर सुख-शांति प्रदान करें। उन्होंने आयोजन समितियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों के होने से हमारे वर्तमान पीढ़ी को हमारे धर्म और संस्कृति से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। इस अवसर पर उनके साथ पार्षद टेबू देवांगन, प्रियंका अनूप तिवारी, मुकंद रजक, एल्डरमैन अभिजीत अवस्थी, परस पाटकर, राजेश सिंह सहित समिति के सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सशिमं मोहरा में गणेश उत्सव पर हुआ हवन

हिरमी रावन। सरस्वती शिशु मंदिर मोहरा में गणेश उत्सव के अवसर पर गणपति जी का हवन कार्यक्रम श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित हवन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश को आहुति अर्पित की। इस दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। हवन कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। आचार्य-आचार्याओं के मार्गदर्शन में



विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में आहुति दी और भगवान गणेश से सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। हवन के दौरान विद्यालय परिसर में गणपति बप्पा मोरया के जयकारे भी गूंजते रहे।इसी तरह मोहरा के आसपास के गांवों में स्थापित गणपति प्रतिमाओं के पंडालों में भी हवन एवं पूजा-अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने परिवार सहित गणपति पूजन में शामिल होकर विधिवत हवन किया। कई स्थानों पर बच्चों और युवाओं ने भी आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।गणेश उत्सव के दौरान गांवों में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। हवन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में शामिल लोगों ने भगवान गणेश से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की प्रार्थना की।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आज से

बलौदाबाजार। जिले में "सेवा संकल्प अभियान" के तहत "आंगन मिलन सेवा" कार्यक्रम का आयोजन 25 सितंबर से 6 अक्टूबर तक किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों, महिलाओं तथा समुदाय को पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सुरक्षा से जुड़ी सेवाओं की जानकारी और लाभ उपलब्ध कराना है। अभियान के दौरान जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिका एवं मितानिन का सम्मान,महिलाओं एवं बच्चों के लिए पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं की जानकारी, आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के विकास एवं शिक्षा से संबंधित गतिविधियां तथा गरीब एवं कमजोर वर्ग के परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का नियमित टीकाकरण, वजन एवं स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही स्वस्थ शिक्षा, पोषण एवं सुरक्षा से संबंधित गतिविधियां आयोजित होंगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं समुदाय के सहयोग से बच्चों के लिए मनोरंजन, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराए जाएंगे। अभियान में स्वास्थ्य शिक्षा, पोषक थाली का प्रदर्शन, पौष्टिक भोजन की विधि का प्रदर्शन, स्वास्थ्य जांच सहित विभागीय योजनाओं के संबंध में जनजागरूकता गतिविधियां भी शामिल हैं। महिलाओं के लिए काउंसलिंग, मेहंदी एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।


दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना से पात्र दम्पतियों को मिलेगा आर्थिक संबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

राज्य शासन द्वारा दिव्यांगजनों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं में दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना महत्वपूर्ण है। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने राज्य शासन की मंशानुरूप पात्र दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ दिलाने तथा योजना का ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

योजना के तहत दम्पति में किसी एक

■ पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश



व्यक्ति के दिव्यांग होने पर 30 हजार रुपये तथा दोनों के दिव्यांग होने पर एक लाख रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इसका लाभ लेने के लिए दम्पति में से कम से कम एक दिव्यांग व्यक्ति का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना तथा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार उसकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होना आवश्यक है। दम्पति में पुरुष का प्रथम विवाह होना चाहिए। विवाह के समय युवक की आयु 21 से 45 वर्ष तथा युवती की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। विवाह मान्यता प्राप्त सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार अथवा सक्षम न्यायालय द्वारा कानूनी रूप से संपन्न होना आवश्यक है। दम्पति में से कोई भी सदस्य आयकरदाता की श्रेणी में नहीं होना चाहिए।

प्रोत्साहित करने के लिए दिए निर्देश

पात्र दम्पति को निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेज एवं प्रमाण पत्रों के साथ विवाह की तिथि से 90 दिवस के भीतर आवेदन प्रस्तुत करना होगा। शहरी क्षेत्र में नगरीय निकाय तथा ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत विवाह पंजीयन के लिए अधिकृत हैं। विवाह पंजीयन के लिए आने वाले दिव्यांग दम्पतियों को योजना की जानकारी देकर लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने ग्राम सभाओं सहित मैदानी स्तर पर योजना की जानकारी पहुंचाने और पात्र हितग्राहियों को आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक मार्गदर्शन देने कहा है, ताकि जानकारी के अभाव में कोई पात्र दिव्यांगजन योजना के लाभ से वंचित न रहे। योजना की विस्तृत जानकारी समाज कल्याण विभाग के कार्यालय तथा विभागीय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया गया सूचना के अधिकार का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



जनपद पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार मे गुरुवार को आरटीआई प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। आरटीआई प्रशिक्षण नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर अरुण सोनकर, एसएलएमटी गणेश राम कुर्रे, डीएलएमटी अभिषेक बंजार, तारा पटेल, आशीष तिवारी, के एम त्रिपाठी नोडल अधिकारी द्वारा कार्यशाला के उद्देश्यों तथा पारदर्शिता एवं सुशासन में आरटीआई अधिनियम की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। तारा पटेल एवं अभिषेक बंजारे द्वारा अत्यंत सहज, व्यावहारिक एवं प्रभावी ढंग से आरटीआई अधिनियम, 2005 की जानकारियों को साझा किया गया। इसमें धारा 2, धारा 3, 4 (स्व-प्रकाशन), धारा 5 (जनसूचना अधिकारियों के दायित्व), धारा 6 (आवेदन प्रक्रिया) एवं धारा 7 (निपटारा व शुल्क संबंधी नियम) को स्पष्ट रूप से समझाया गया।

आशीष तिवारी एवं श्री के एम त्रिपाठी ने आरटीआई अधिनियम के प्रावधानों धारा 8, (सूचना प्रकटन से छूट),9 10,धारा 11 (तृतीय पक्ष सूचना), धारा 18 (शिकायत), धारा 19 (प्रथम व द्वितीय अपील प्रक्रिया) तथा धारा 20 (शास्ति व दंड प्रावधान) के बारे में प्रतिभागियों को विस्तृत और प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान किया।

सफाई के साथ जनजागरूकता भी जरूरी : अशोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र में सघन सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, आवागमन वाले क्षेत्रों के साथ ही आवासीय एवं सघन बस्तियों में नियमित और बेहतर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के तहत सुबह सफाई विभाग के दल के साथ नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी, सभापति एवं पार्षदों ने श्रमदान कर सफाई कार्य में सहयोग किया। इस दौरान बीईओ कार्यालय, देवरहा तालाब एवं मंडी रोड क्षेत्र में सघन सफाई की गई। मंडी रोड स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के समीप एकत्रित कचरे को हटाया गया। साथ ही क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए भी निर्देश दिए गए। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें नागरिकों की सहभागिता भी आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से घर एवं दुकानों के आसपास साफ-सफाई रखने, गंदे पानी का जमाव नहीं होने देने तथा आवश्यकता पड़ने पर चूना या लार्वा नाशक दवा का छिड़काव करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कचरा वाहन के आने पर उसमें ही कचरा डालें और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंकें।

■ स्वच्छता ही सेवा के तहत नगर में चला सघन सफाई अभियान

अभियान में नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डडसेना, कन्हैया सेन, रोहित साहू, मनोज कांत पुरेना, अमितेष नेताम, रेखा पोषण पटेल, आदित्य गुप्ता, प्रिया शशि भूषण शुक्ला, दिनेश वर्मा, हरिशंकर सेन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

एनएसएस स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों ने लिया सेवा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलौदाबाजार में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एनएसएस स्थापना दिवस एवं 'सेवा संकल्प' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. धनंजय मिश्र ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति की भावना विकसित करना रहा। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण, रंगोली, पोस्टर निर्माण, भाषण एवं नाटक सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पौधारोपण के माध्यम से विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर का संदेश दिया। वहीं रंगोली एवं पोस्टर निर्माण के जरिए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता एवं सेवा भावना से जुड़े संदेशों को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया।

भाषण और नाटक के माध्यम से स्वयंसेवकों ने सामाजिक जागरूकता तथा सकारात्मक बदलाव के लिए सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा 'सेवा ही संकल्प, सेवा ही कर्तव्य' की भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण तथा जनजागरूकता के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय औधेलिया ने सभी स्वयंसेवकों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



खबर संक्षेप

पशु चिकित्सालयों में 28 को लगेगा एंटीरेबीज टीकाकरण शिविर

बलौदाबाजार। विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर 28 सितम्बर को पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले के समस्त पशु चिकित्सालयों में प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक विश्व रेबीज सप्ताह का आयोजन किया जाएगा । विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर रेबीज बीमारी की रोकथाम हेतु श्वान प्रजाति के पशुओं में एंटीरेबीज टीकाकरण किया जा रहा है। रेबिज एक विषाणु जनित घातक बीमारी है, जो कि मानव मस्तिष्क को प्रभावित करती है तथा प्रतिवर्ष होने वाले हजारों मौतों का कारण भी बनती है। यह मुख्य रूप से पशुओं की बीमारी है लेकिन संक्रमित पशुओं द्वारा मनुष्यों में भी हो जाता है। रेबिज रोग का विषाणु संक्रमित पशुओं के लार में पाया आता है, और जब ऐसे पशु मनुष्य अथवा अन्य पशु को काट लेता है तब यह विषाणु संबंधित के शरीर में प्रवेश कर जाता है। एंटीरेबीज टीका रेबीज की बिमारी से बचाव का एकमात्र उपाय है क्योकि मरिज में एक बार लक्षण प्रतीत होने के उपरांत उस बीमारी का इलाज संभव नही होता है। पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले के समस्त श्वान पशुपालकों से अपने पालतु, घरेलु कुत्तों को एंटीरेबीज टीका रेबिज घातक बीमारी के रोकथाम हेतु अपने पशुओ में टीकाकरण अवश्य करावे तथा पशुधन रक्षा करने में अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान करने की अपील की है।

दशहरा मैदान से आज निकलेगी विसर्जन यात्रा

पलारी। नगर पंचायत पलारी में गणेश उत्सव को लेकर इस वर्ष विशेष आयोजन किया जा रहा है। नगर में पहली बार विभिन्न गणेश उत्सव समितियों की प्रतिमाओं का एक साथ सामूहिक एवं भव्य विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन यात्रा 25 सितंबर को शाम 6 बजे दशहरा मैदान, पलारी से प्रारंभ होगी। विसर्जन यात्रा में नगर की विभिन्न गणेश उत्सव समितियां अपने-अपने डीजे के साथ शामिल होंगी। गांधी चौक गणेश समिति, ठाकुर देव चौक गणेश समिति, महामाया चौक गणेश समिति, गुरु घासीदास चौक गणेश समिति, मां शीतला चौक गणेश समिति, बाजार चौक गणेश समिति, आजाद चौक गणेश समिति, युवा दिलों की धड़कन गणेश समिति, बाल गोपाल गणेश समिति, शांति नगर गणेश समिति, जायसवाल परिवार का राजा, श्री राम जी की सेना गणेश समिति सहित नगर के विभिन्न वार्डों की गणेश समितियां इस आयोजन में सहभागिता करेंगी।

कार की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

महासमुंद। शहर के बीटीआई गार्डन के पास कार की टक्कर से स्कूटी चालक घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 21 सितंबर को घनश्याम चंद्राकर अपनी स्कूटी बजाज चेतक क्रमांक सीजी 04 आरबी 7569 से खाना खाने के लिये अपने घर महासमुंद बीटीआई गार्डन जा रहे थे। दोपहर करीबन 03 बजे महासमुंद बीटीआई गार्डन के पास पीछे से आ रही कार मारूति स्वीफ्ट डिजायर क्रमांक सीजी 04 एफजेड 3986 के चालक अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दिया।

सिलाई प्रशिक्षण के सफल प्रशिक्षणार्थियों को बांटे प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक सीएसआर की पहल से ग्रामीण महिलाओं को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, कुकुरदी सीमेंट वर्क्स के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्रामीण महिलाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित तीन माह के सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण ग्राम सरकीपार स्थित महतारी सदन एवं ग्राम ढनढनी के प्रशिक्षण केंद्र में 1 मई से 31 जुलाई 2026 तक संचालित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सिलाई-कढ़ाई एवं परिधान निर्माण से संबंधित व्यावहारिक और तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद 4 अगस्त को मुख्य परीक्षा आयोजित की गई। इसमें सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम में सीएसआर प्रमुख राजेंद्र कुशवाहा ने कहा कि कौशल विकास महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम है। प्रशिक्षण से प्राप्त कौशल महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने सफल प्रशिक्षणार्थियों को बधाई देते हुए अपने कौशल का उपयोग कर आय बढ़ाने तथा अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनने का आह्वान किया।



आजीविका की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

सीएसआर विभाग के अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास एवं सतत आजीविका संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर प्रमुख राजेंद्र कुशवाहा, दया वर्मा एवं अल्ट्राटेक संयंत्र प्रबंधन का विशेष योगदान रहा।

अंचल में धान की फसल को रोगों से बचाने कृषि विज्ञान केंद्र की सलाह

बिना बीमारी पहचाने न करें कीटनाशक का छिड़काव, खेतों की निगरानी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

धान की फसल में इस समय मौसम की स्थिति के अनुसार विभिन्न रोगों का प्रकोप बढ़ सकता है। अधिक आर्द्रता, लंबे समय तक पत्तियों का गीला रहना, खेत में अत्यधिक नमी, घनी फसल तथा असंतुलित एवं अत्यधिक नत्रजन का प्रयोग कुछ रोगों के विकास के लिए अनुकूल परिस्थितियां उत्पन्न करते हैं। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे खेत का नियमित निरीक्षण करें तथा रोग के प्रारंभिक लक्षण दिखाई देते ही उचित प्रबंधन उपाय अपनाएं। धान में ब्लास्ट रोग नामक फफूंद के कारण होता है। यह पत्तियों, गांठों, गर्दन एवं बालियों को प्रभावित कर सकता है।

पत्ती ब्लास्ट में पत्तियों पर दोनों सिरों से नुकीले, आंख/हीरे के आकार के धब्बे दिखाई देते हैं, जिनका मध्य भाग धूसर या सफेद तथा किनारा भूरा होता है। गर्दन ब्लास्ट में बाली निकलने के आसपास गर्दन पर भूरे या काले रंग का घेरा बन सकता है तथा इसके ऊपर की बाली सफेद होकर दाना भरने में असफल हो सकती है। अधिक नत्रजन, अधिक आर्द्रता एवं लंबे समय तक पत्ती गीली रहने से रोग बढ़ सकता है। लक्षण दिखाई देने पर टेबुकोनाजोल 50% + ट्रिफ्लोक्सीस्ट्रोबिन @ 80 ग्राम प्रति एकड़ अथवा ट्राइसाइक्लाजोल आधारित कवकनाशी 120 ग्राम प्रति एकड़ में से किसी एक का छिड़काव करें। आवश्यकता के अनुसार 12–15 दिन के अंतराल पर दोहराया जा सकता है।



भूरा धब्बा रोग

भूरा धब्बा रोग फफूंद के कारण होता है। यह मुख्यतः पत्तियों, पत्ती आवरण तथा दानों को प्रभावित कर सकता है। पोषण की कमी या असंतुलन, कमजोर पौध अवस्था तथा विभिन्न प्रकार के फसल तनाव रोग की गंभीरता बढ़ा सकते हैं। इस रोग में पत्तियों पर गोल या अंडाकार भूरे धब्बे दिखाई देते हैं, जिनका मध्य भाग धूसर तथा किनारा भूरा या लाल-भूरा हो सकता है। अधिक प्रकोप होने पर छोटे-छोटे धब्बे आपस में मिलकर पत्ती के बड़े हिस्से को प्रभावित कर सकते हैं तथा दानों पर भी रंग परिवर्तन दिखाई दे सकता है। रोग की स्थिति में मैनकोजेब 75 **WP** 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव किया जा सकता है। लगभग 200 लीटर पानी प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करने पर करीब 500 ग्राम रसायन प्रति एकड़ की आवश्यकता होगी।

शीथ ब्लाइट/पर्णच्छद झुलसा

शीथ ब्लाइट राइजोक्टोनिया सोलेनी फफूंद के कारण होता है। रोग सामान्यतः जल स्तर के आसपास पौधे के पत्ती आवरण पर शुरू होकर ऊपर की ओर बढ़ता है। घनी फसल, अधिक नत्रजन, उच्च आर्द्रता एवं लगातार नम वातावरण रोग के विकास के लिए अनुकूल होते हैं। प्रारंभ में निचले पत्ती आवरण पर अंडाकार या अनियमित हरे-धूसर अथवा पानी-सिक्त धब्बे दिखाई देते हैं। बाद में ये धब्बे बड़े होकर ऊपर की ओर बढ़ते हैं और आपस में मिल सकते हैं। अधिक प्रकोप में पत्तियां सूखने लगती हैं तथा दाना भराव एवं उपज प्रभावित हो सकती है। रोग की स्थिति में हेक्साकोनाजोल 5 ईसी @ 2 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। 200 लीटर पानी प्रति एकड़ की दर से लगभग 400 मिलीलीटर रसायन प्रति एकड़ की आवश्यकता होगी।

किसानों के लिए समेकित प्रबंधन की सलाह

कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा के कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार धान में रोग नियंत्रण के लिए केवल रसायनों पर निर्भर रहने के बजाय समेकित रोग प्रबंधन अपनाना आवश्यक है। किसानों को स्वस्थ एवं प्रमाणित बीज का उपयोग, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन, अत्यधिक नत्रजन से बचाव, पर्याप्त पोटाश का उपयोग, उचित जल प्रबंधन तथा खेत की नियमित निगरानी करनी चाहिए। संक्रमित पौध अवशेषों का उचित प्रबंधन भी रोग के स्रोत को कम करने में सहायक है। रोग के प्रारंभिक लक्षण दिखाई देते ही उसकी सही पहचान करें और आवश्यकता के अनुसार अनुशंसित उपाय अपनाएं। बिना रोग की पहचान किए किसी भी कीटनाशी या कवकनाशी का अनावश्यक छिड़काव न करें। रसायनों का उपयोग करते समय अनुशंसित मात्रा एवं लेबल पर दिए गए सुरक्षा निर्देशों का पालन करें।

जीवाणु झुलसा

जीवाणु झुलसा के कारण होने वाला रोग है। संक्रमित पौधा अवशेष, पानी, वर्षा एवं सिंचाई के माध्यम से रोग का प्रसार हो सकता है। अत्यधिक नत्रजन, तेज हवा एवं वर्षा तथा अधिक नमी रोग के लिए अनुकूल परिस्थितियां बना सकती हैं। रोग में पत्तियों के सिरे या किनारों से पानी-सिक्त धारियां दिखाई देती हैं, जो बाद में पीली एवं भूरी होकर सूखने लगती हैं। लक्षण अक्सर लहरदार किनारों के साथ नीचे की ओर बढ़ते हैं। युवा पौधों में गंभीर संक्रमण की स्थिति को "क्रेसेक" कहा जाता है, जिसमें पूरी पौध अचानक मुरझा सकती है। इसके प्रबंधन के लिए संतुलित नत्रजन एवं पर्याप्त पोटाश का उपयोग, खेत में अनावश्यक पानी के ठहराव से बचाव तथा संक्रमित पौध अवशेषों का उचित प्रबंधन महत्वपूर्ण है। रोग की स्थिति में किसी भी रसायन का उपयोग स्थानीय कृषि विशेषज्ञ की अनुशंसा के अनुसार ही करें।

56 दिव्यांगजन को ऑन द स्पॉट बांटे गए कृत्रिम अंग और कैलिपर्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

सेवा संकल्प अभियान के तहत जनपद पंचायत अंतर्गत स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मीडियम स्कूल कसडोल आडिटोरियम में दिव्यांगजनों के लिए चिन्हांकन प्रमाणीकरण एवं ऑन द स्पॉट कृत्रिम अंग, कैलिपर्स एवं स्प्लिंट वितरण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कुल 186 दिव्यांगों का पंजीयन एवं 56 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और कैलिपर्स निर्माण कर वितरण किया गया तथा 68 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड के लिए पंजीयन किया गया। इस निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर मे बड़ी संख्या मे उपस्थित दिव्यांगजनों के कृत्रिम अंग निर्माण के लिए एलिम्को टीम द्वारा चिन्हांकन एवं माप लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बिलाईगढ़ एवं प्रदेश अध्यक्ष अनु जाति मोर्चा भाजपा डॉ. सनम जांगड़े ने नशामुक्त अभियान के तहत नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई। साथ ही सेवा संकल्प वेन को हरीझण्डी दिखाकर रवाना किया गया। शिविर में डॉ. सुदीप मानिकपुरी नपं. उपाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष कसडोल, देवानंद नायक उपाध्यक्ष ज पं कसडोल, कृष्ण कुमार पटेल जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ, रामचंद ध्रुव जिलाध्यक्ष अनु जन जाति मोर्चा, राजकुमार जायसवाल, जीवधान बरिहा मंडल अध्यक्ष बया, सत्यभामा साहू जिला उपाध्यक्ष भाजपा, अनिल श्रीवास, राजू साहू महामंत्री कसडोल, गणेश साहू, सत्यनारायण पटेल, दरस राम वर्मा, भरत दास मानिकपुरी सरपंच, संतोष कश्यप सरपंच, ओमप्रकाश निराला जिला उपाध्यक्ष अनु जाति मोर्चा, अमजद खान सरपंच, पुष्पेंद्र साहू, अभिजीत श्रीवास सहित अधिकारीगण में एसडीएम रामरतन दुबे, सीईओ कमलेश साहू, तहसीलदार विवेक पटेल, उपसंचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल, मापन के लिए एल्मिको टीम उपस्थित रहें।

वटगन स्कूल में बीएल ढीढी ने संभाला प्राचार्य का प्रभार



पलारी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वटगन में बीएल ढीढी व्याख्याता को प्राचार्य का प्रभार दिया गया। पूर्व प्राचार्य एच के वर्मा ने अपना प्रभार प्राचार्य का सौंपा है। श्री ढीढी इस गरिमापूर्ण पद को निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की बात कही है। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य एच के वर्मा, एम के वैष्णव, एम एल ध्रुव, के एन गोयल, टीके साहू, शगुन सोनी, सुशीला जांगड़े, रेणुका, राकेश, जे पी पाठक, मुरली सोनकेवरे, डाकेश यदु, प्रीति, श्वेता, सीमा पटेल, समन्वयक वी एन मांडले आदि ने गुलाल और पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

दस जरूरतमंद परिवारों को बांटे हाथ ठेले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड कुकुरदी सीमेंट वर्क्स के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 10 हाथ ठेलों का वितरण किया गया।

■ अब तक 35 परिवार लाभान्वित

प्रबंधन के मार्गदर्शन में आयोजित इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को स्थायी आजीविका के अवसर उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम के तहत ग्राम सेम्हराडीह के 3, कुकुरदी के 4, ढनढनी के 2 तथा करमंडीह के 1 हितग्राही को हाथ ठेला प्रदान किया गया। इससे हितग्राही छोटे व्यवसाय शुरू कर नियमित आय अर्जित कर सकेंगे और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकेंगे। कार्यक्रम में ढनढनी के उपसरपंच भूपेन्द्र साहू, सरपंच प्रतिनिधि रंजीत ध्रुव सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने सीएसआर की पहल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। सीएसआर प्रमुख राजेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि विभाग का उद्देश्य केवल सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। हाथ ठेला वितरण जैसी पहल से हितग्राहियों को सम्मानजनक रोजगार और नियमित आय का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि सीएसआर विभाग शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व आसपास के 6 गांवों में 25 जरूरतमंद परिवारों को हाथ ठेले प्रदान किए जा चुके हैं।

वर्तमान वितरण के बाद इस पहल से अब तक कुल 35 परिवार लाभान्वित हो चुके हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर प्रमुख राजेन्द्र कुशवाहा एवं दया वर्मा का विशेष योगदान रहा।

कुर्मी छात्रावास में योग सत्र और स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



जिला आयुष अधिकारी डॉ. गोदावरी पैंकरा के मार्गदर्शन में आयुर्वेद दिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत कुर्मी छात्रावास, में योग एवं ध्यान सत्र, स्वास्थ्य परीक्षण तथा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को योग, ध्यान एवं आयुर्वेद आधारित स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में नंदकिशोर वैष्णव, पार्षद, रघुनाथ प्रसाद पटेल, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ, सेवाराम वर्मा एवं गिरधारी लाल वर्मा उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक राजेश पाल द्वारा प्रतिभागियों को अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही हलासन, मकरासन, धनुरासन एवं पवनमुक्तासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया कुल 25 लाभार्थियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श किया गया तथा काढ़े का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन चंद्रा, डॉ. दुष्यंत आयुष चिकित्सक डॉ. गुंजन गवेल फार्मासिस्ट बद्री प्रसाद शाह, प्रतिमा कुर्रे, एमपीडब्ल्यू पवन कुमार साहू, औषधालय सेवक सुरेश कुमार कुर्रे एवं अंशकालिक स्वच्छक शीतला ध्रुव सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



पर्युषण पर्व के नौवें दिन मनाया उत्तम आकिंचन धर्म

आत्मशुद्धि और परिग्रह त्याग का संदेश देता है उत्तम आकिंचन धर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जैन समाज द्वारा मनाए जा रहे दस दिवसीय पर्युषण पर्व के नौवें दिन गुरुवार को उत्तम आकिंचन धर्म श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर जी में भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

समाज के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। दशलक्षण धर्म के नौवें दिन मनाया जाने वाला उत्तम आकिंचन धर्म जैन दर्शन में परिग्रह और ममत्व के त्याग की प्रेरणा देता है। आकिंचन का भाव



बाहरी वस्तुओं को अपना न मानते हुए मोह-ममता से ऊपर उठकर आत्मा के वास्तविक स्वरूप को पहचानना है। जैन दर्शन के अनुसार धन-संपत्ति के साथ-साथ वस्तुओं के प्रति अत्यधिक आसक्ति, मेरा-तेरा का भाव और मन में संचित मोह भी परिग्रह का स्वरूप माना गया है। उत्तम आकिंचन धर्म मनुष्य को संसार में रहते हुए अपनी आवश्यकताओं को सीमित करने तथा धन, वैभव, पद, प्रतिष्ठा एवं सांसारिक वस्तुओं के प्रति अत्यधिक आसक्ति से दूर रहने का संदेश देता है। बाहरी पदार्थों के प्रति ममत्व कम होने पर मनुष्य आत्मचिंतन, संयम और आध्यात्मिक साधना की ओर अग्रसर होता है।

इन्हें मिला शांतिधारा और प्रथम कलश का सौभाग्य

इस अवसर पर मंदिर जी में शांतिधारा का सौभाग्य बाबूलाल पाटनी, अजेश पाटनी, विजेश पाटनी एवं सार्थक पाटनी परिवार को प्राप्त हुआ। परिवारजनों ने भक्ति भावपूर्वक भगवान की शांतिधारा कर धर्मलाभ लिया। वहीं प्रथम कलश अभिषेक का सौभाग्य धवल नीरज जैन, सार्थक पाटनी, संजय जैन, दिनेश निश्चल जैन, आदि जैन, श्रेयांस पाटनी, परख छाबड़ा एवं तुषार पाटनी परिवार को प्राप्त हुआ। समाज के श्रद्धालुओं ने उत्तम आकिंचन धर्म के संदेश को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पर्युषण पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण, आत्मशुद्धि, संयम और त्याग के माध्यम से जीवन को सद्मार्ग की ओर ले जाने का अवसर है। उत्तम आकिंचन धर्म बाहरी संग्रह की अपेक्षा आंतरिक शुद्धता और आत्मिक संपदा को महत्व देने की प्रेरणा देता है।

